निबंधित/Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं0 संख्या :–01/भू0अ0नि0 (2) क्षे0स्था0 (गुलजारबाग)– 26/2022...2333...पटना, दिनांक : 10/07/2026

# आदेश

जिलाधिकारी–सह–अध्यक्ष, जिला अनुकम्पा समिति, पटना के ज्ञापांक 2141 दिनांक 24.07.2025 (क्र0सं0–02) द्वारा स्व0 गंगा राम कुशवाहा, भूतपूर्व प्रेस अटेन्डेन्ट के आश्रित पुत्र श्री सागर कुमार को निम्नवर्गीय लिपिक (समूह–'ग') के पद हेतु अनुशंसित एवं बिहार सर्वेक्षण कार्यालय गुलजारबाग, पटना के पत्रांक 243 दिनांक 23.05.2026 द्वारा उनके शैक्षणिक प्रमाण–पत्रों के सत्यापन के उपरान्त प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में सामान्य प्रशासन विभाग एवं वित्त विभाग, बिहार, पटना द्वारा समय–समय पर निर्गत प्रावधानों के अधीन वेतन स्तर–2 (ग्रेड पे–1900) तथा सरकार द्वारा समय–समय पर स्वीकृत अन्य भत्तों के साथ बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना में अस्थायी रुप से नियुक्त किया जाता है।

2. अनुकम्पा पर नियुक्त व्यक्ति पर मृत सरकारी सेवक के सभी आश्रितों के भरण–पोषण का पूर्ण दायित्व होगा। विपरीत सूचना प्राप्त होने पर नियमानुकूल कार्रवाई की जायेगी।

3. यदि भविष्य में यह पाया गया कि नियोजित व्यक्ति द्वारा किसी तरह की गलत सूचना तथा धोखाधड़ी के आधार पर नियुक्ति पत्र प्राप्त किया गया है, तो नियोजित व्यक्ति से बिना कारण–पृच्छा किये किसी भी समय इनकी सेवा समाप्त करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

4. श्री कुमार असैनिक शल्य चिकित्सक का स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र एवं दहेज नहीं लेने–देने संबंधी घोषणा पत्र तथा मद्य निषेध के संबंध में शपथ–पत्र के साथ बिहार सर्वेक्षण कार्यालय गुलजारबाग, पटना के समक्ष आदेश निर्गत की तिथि से एक माह के अन्दर अपना योगदान देना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि तक उपर्युक्त औपचारिकताओं का पालन करते हुए योगदान नहीं करने की स्थिति में इनकी नियुक्ति स्वतः समाप्त समझी जाएगी।

5. यह नियुक्ति वित्त विभाग, बिहार, पटना के संकल्प सं0–2469 दिनांक 16.11.2005 के आलोक में नई अंशदायी पेंशन योजना से आच्छादित होगी।

6. योगदान हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

Suharsh 10/07/26
(सुहर्ष भगत)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक: 01/भू0अ0नि0 (2) क्षे0 स्था0 (गुलजारबाग)– 26/2022...2333...पटना, दिनांक : 10/07/2026

प्रतिलिपि : कोषागार पदाधिकारी, जिला कोषागार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Suharsh 10/07/26
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Kavita-Y-2026\Ankit Ji\Order\26-2022..11.06.2026.doc

निबंधित

**ज्ञापांक:** 0101/भू0अ0नि0 (2) क्षे0 स्था0 (गुलजारबाग)–26/2022 2333 **पटना, दिनांक** 10/07/2026

**प्रतिलिपि** : श्री सागर कुमार, पिता–स्व0 गंगा राम कुशवाहा, मिरचैया टोला, डाकघर –गुलजारबाग, थाना–आलमगंज , जिला–पटना–800007 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10/7/26

**उप सचिव**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक:** 01/भू0अ0नि0 (2) क्षे0 स्था0 (गुलजारबाग)–26/2022 2333 **पटना, दिनांक** : 10/07/2026

**प्रतिलिपि** : उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10/7/26

**उप सचिव**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक:** 01/भू0अ0नि0 (2) क्षे0 स्था0 (गुलजारबाग)–26/2022 2333 **पटना, दिनांक** : 10/07/2026

**प्रतिलिपि** : प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

10/7/26

**उप सचिव**
भू–अभिलेख एवं परिमाप